# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

मई 2006 (अंक 157) | May 2006 (Issue 157)




(बायें से दायें) श्रीमती इम्मा फर्नाडिज, सलाहाकार, विश्व बचत बैंक संस्थान ब्रुसेल्स, श्री अनिल भट्टाचार्य विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, श्री काव ड्यूक, उप निदेशक वी.पी.एस.सी. हनोई, श्री एस.के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त, श्री मीर अजमत अली, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक बैंगलोर हनोई में दि. 24-25 अप्रैल 2006 के दरम्यान सम्पन्न कार्यशाला में दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा वियतनाम डाक बचत के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए हनोई (वियतनाम) में कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पहली बार ''विपणन एवं बचत एकत्रीकरण'' पर 24-25 अप्रैल को हनोई (वियतनाम) में कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संसाधनों को एकत्र करने में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा अपनाई जानेवाली तकनीकी से वियतनाम के वरिष्ठ प्रबंधकों एवं डाक बचत सेवा कंपनी के कर्मियो को अवगत कराना था। कार्यशाला का उद्‌घाटन डा. हॉंग थो थाई, उपाध्यक्ष वियतनाम पोस्ट एवं दूरसंचार कारपोरेशन ने किया। इस अवसर पर श्री मंगुयेण लान गम, निदेशक, वी.पी.एस.सी. भी उपस्थित थे। इस अवसर पर हनोई में स्थित भारतीय राजदुत के.आई.एफ.एस. काऊन्सलर श्री तुहीनकुमार और उपनिदेशक वित्तीय विकास सेक्टर, विश्व बचत बैंक संस्थान, ब्रुसेल्स के ईम्मा फर्नाडिस प्रमुखता से पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय बचत संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, श्री एस.के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त, श्री मीर अजमत अली, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक ने कार्यशाला का संचालन किया।

इस कार्यशाला में विभिन्न विषयों जैसे विभिन्न तकनीकी उत्पादकों विपणन, उपभोक्ता सेवाएँ, नये उत्पादों का विकास, बाजार सर्वेक्षण इत्यादि पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला बहुत ही उत्साहवर्धक रही इसमें एन.एस.आय. द्वारा अपनाई जानेवाली पद्धती एवं तकनीकी पर विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यशाला के दौरान वी.पी.एस.सी. के साथ इस बात पर सहमति हुई कि अक्टूबर से नवम्बर 2006 के दौरान भारत के राष्ट्रीय बचत संस्थान में 7-8 वरिष्ठ प्रबंधक एवं कार्यपालक भेजे जाये जो राष्ट्रीय बचत संस्थान के कार्यप्रणाली को अच्छी तरह समझ सके। इस कार्यशाला में वी.पी.एस.सी. के 43 इक्जीकुटीव (कार्यपालक) ने भाग लिया।



कार्यशाला में उपस्थित डाक बचत कंपनी वियतनाम के वरिष्ठ कार्यपालक का दृश्य जिसका आयोजन हनोई में 24-25 अप्रैल 2006 को राष्ट्रीय बचत संस्थान वित्त मंत्रालय भारत सरकार ने किया।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर केन्द्र द्वारा अल्प बचत संस्थान अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर केन्द्र ने मार्च 2006 में राष्ट्रीय बचत प्रशिक्षण संस्थान नागपुर में महाराष्ट्र सरकार के नागपुर विभाग के अल्प बचत अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न वित्तीय उत्पादों के बारे में जानकारी को अद्यतन करना एवं अपने क्षेत्र में धन संग्रहण की बढ़ोतरी के लिये अपनी कार्यकुशलता को विकसित करना था।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष ने किया। अपने उद्‌घाटन संबोधन में उन्होंने कहाँ कि बचत एकत्रिकरण में राज्य सरकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिये यह आवश्यक हो जाता है कि फिल्ड अधिकारियों को गहन ज्ञान और कार्यकुशल होना चाहिए जिससे कि वे अधिक धन संग्रहण कर सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री पद्म सिंह क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर केन्द्र और श्री डी.के. घाटे, उप निदेशक (मुख्यालय) ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अन्त में प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया और यह उम्मीद जताई कि अधिकारियों के लाभ हेतु भविष्य में भी राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए।



राष्ट्रीय बचत संस्थान का विशेषज्ञ दल (बायें से) श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, श्री एस.के. त्रिपाठी, उपराष्ट्रीय बचत आयुक्त, श्री मीर अजमत अली, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक जिन्होंने वियतनाम डाक बचत कंपनी के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया था, प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुये दिखाई दे रहे है।



वियतनाम में भारत के राजदूत महामहिम श्री रवि निलकंठन, आय एफ एस को राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा वियतनाम के डाक बचत कंपनी के वरिष्ठ कार्यपालकों की कार्यशाला पर तैयार किये गये कागजात प्रदान करते हुये। श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान के विभागाध्यक्ष ने वियतनाम में भारत के राजदूत को कार्यशाला के संबंध में जानकारी दी।

श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाधयक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने हनोई दौरे के दौरान वियतनाम में भारत के राजदूत महामहिम श्री रवि निलकंठन से मुलाकात की और राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा वियतनाम डाक बचत के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिये आयोजित कार्यशाला के संबंध में जानकारी दी। महामहिम राजदूत ने बचत एकत्रित करने के क्षेत्र में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा कार्यशाला के आयोजन से भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मजबुती मिलेगी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष ने कार्यशाला के संबंध में तैयार किये गये कागजात महामहिम राजदूत को भेट किये।

राष्ट्रीय बचत संस्थान के विभागाध्यक्ष यह भी उल्लेखित किया कि विश्व के सबसे बड़े बचत संगठन होने का गौरव तथा बचत एकत्रिकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय बचत संस्थान को विशेषज्ञता प्राप्त है और इस कार्यशाला का आयोजन वियतनाम डाक बचत कंपनी के अनुरोध पर उनके कार्यपालकों को अल्प बचत से संबंधित विभिन्न विषयों जिसमें बचत उत्पाद का विपणन एवं निर्माण से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण देने के लिये आयोजित किया गया।



श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान हनोई में डाक बचत बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए आयोजित कार्यशाला में प्रस्तुतीकरण करते हुये दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल से फरवरी 2006 तक अल्प बचत संग्रहण

(करोड रुपये)

| अनु. क्र. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2005 तक | | फरवरी 2006 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 8352.03 | 4420.25 | 9522.58 | 3818.68 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 52.11 | 26.90 | 71.68 | 32.48 |
| 3. | असम | 2074.29 | 687.50 | 1865.82 | 157.9 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 23.72 | 9.80 | 30.35 | 14.08 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 531.60 | 388.65 | 267.62 | –54.33 |
| 6. | बिहार | 4315.08 | 1875.89 | 5556.29 | 2069.75 |
| 7. | झारखंड | 2218.98 | 1348.41 | 2746.40 | 1362.53 |
| 8. | चंडीगढ | 396.04 | 133.06 | 788.38 | 273.09 |
| 9. | दमण एवं दीव | 28.90 | 18.28 | 35.27 | 13.54 |
| 10. | दिल्ली | 7873.04 | 4864.04 | 6867.51 | 3086.85 |
| 11. | गोवा | 528.76 | 344.35 | 628.03 | 399.82 |
| 12. | गुजरात | 13532.25 | 7365.69 | 15049.47 | 5965.54 |
| 13. | हरियाणा | 4193.68 | 1791.99 | 4618.89 | 1193.65 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1711.61 | 703.26 | 2213.15 | 660.03 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1134.04 | 482.64 | 1466.04 | 514.86 |
| 16. | कर्नाटक | 6897.58 | 3600.41 | 7462.61 | 3029.57 |
| 17. | केरल | 5260.24 | 2688.18 | 5432.89 | 2124.83 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.26 | 0.66 | 1.19 | 0.05 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 4256.56 | 2230.42 | 4978.93 | 1931.86 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1387.20 | 770.70 | 1530.90 | 653.94 |
| 21. | महाराष्ट्र | 18905.06 | 11407.90 | 18368.42 | 8051.79 |
| 22. | मणिपुर | 66.83 | 21.52 | 79.43 | 20.92 |
| 23. | मेघालय | 125.60 | 48.44 | 149.41 | 31.65 |
| 24. | मिझोरम | 76.11 | 30.03 | 87.31 | 17.18 |
| 25. | नागालैंड | 33.62 | 16.54 | 45.15 | 19.21 |
| 26. | उडीसा | 2306.11 | 1154.74 | 2745.86 | 1090.40 |
| 27. | पांडीचेरी | 190.29 | 130.45 | 199.42 | 116.73 |
| 28. | पंजाब | 7346.13 | 2833.74 | 8127.72 | 2159.04 |
| 29. | राजस्थान | 7862.95 | 4161.40 | 7179.53 | 2004.67 |
| 30. | सिक्कीम | 48.11 | 16.53 | 64.41 | 16.22 |
| 31. | तमिलनाडू | 9435.33 | 5149.31 | 10553.21 | 4445.99 |
| 32. | त्रिपूरा | 330.44 | 151.19 | 429.26 | 169.02 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 12827.99 | 5685.96 | 15811.24 | 5625.64 |
| 34. | उत्तरांचल | 1756.50 | 825.77 | 2098.44 | 640.78 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 16097.42 | 8792.43 | 19877.36 | 8915.42 |
| | कुल | **142177.45** | **74276.04** | **156950.16** | **60573.45** |

टिप्पणी डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे सामन्जस्य अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. (बैंक) संग्रहण शामिल नहीं हैं।